

डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

बिहार




दैनिक

पटना, 25 फरवरी, शनिवार, 2023


## संपादक की कलम से



हमारे कांग्रेस कार्यकर्तागण हम अपने तमाम जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों और तमाम कार्यकर्ता से निवेदन करते है कि कांग्रेस दर्पण में अपने जिले और प्रखंड अस्तर की खबर को भेजें जिसे हम प्रमुखता से स्थान देते हैं, यहां कोई भी छोटा और बड़ा नही समझा जाता। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी को एक ताकतवर अध्यक्ष प्राप्त हुआ है और ऐसे में हम कार्यकर्ताओं की



जवाबदेही है कि कांग्रेस से जुड़ी हर बात की जानकारी माननीय अध्यक्ष और तमाम कार्यकर्ताओं तक पहुंचाएं। कांग्रेस दर्पण जिसमें एक सशक्त माध्यम है। आज के इस डिजिटल दुनिया में कांग्रेस दर्पण का निर्माण कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान करने की एक पहल है अकबर इलाहाबादी ने कहा था-

**'ना बम निकालो ना तलवार निकालो जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो'**

-डॉ0 संजय कुमार,
संपादक, कांग्रेस दर्पण सह काँग्रेस कार्यकर्ता। संपर्क -8252667278






## गरीबों, किसानों, मज़दूरों और वंचितों की आवाज़ हम उठाते रहेंगे। जन–जन तक हम कांग्रेस का ये संदेश पहुंचाएंगे।

## –राहुल गांधी

**कांग्रेस पार्टी का 85वां अधिवेशन हमारी साझी विरासत की एक झलक है। हमारे मूल्य और सबको सम्मान देने की हमारी संस्कृति ही हमारी असली शक्ति है। दलित, आदिवासी, ओबीसी, अल्पसंख्यक समुदाय, महिला और युवाओं को प्रतिनिधित्व देना हमारा लक्ष्य है। देश में बने नफ़रत और कट्टरता के माहौल के ख़िलाफ़ हम लड़ते रहेंगे। गरीबों, किसानों, मज़दूरों और वंचितों की आवाज़ हम उठाते रहेंगे। जन–जन तक हम कांग्रेस का ये संदेश पहुंचाएंगे।-राहुल गांधी**














# भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 85 वें महाअधिवेशन के पहले दिन छत्तीसगढ़ रायपुर में कांग्रेस परिवार के साथियों के साथ














# भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 85 वें महाअधिवेशन के पहले दिन छत्तीसगढ़ रायपुर में कांग्रेस परिवार के साथियों के साथ











# प्रदेश डेलीगेट बनाए जाने पर बधाई



पटना।कांग्रेस दर्पण

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय मलिकार्जुन खरगे जी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय राहुल गांधी जी बेगूसराय राष्ट्रीय नेता डॉ कन्हैया कुमार जी एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह जी के द्वारा बखरी विधानसभा के कद्दावर नेता बड़े भाई आदरणीय रजनीकांत पाठक जी एवं गढ़पुरा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष व बखरी अनुमंडल के एमएलसी प्रतिनिधि हमारे साथी आभास कुमार झा जी को प्रदेश डेलीगेट बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व के साथ-साथ पाठक जी एवं झा जी को बधाई देते हुए ईश्वर से इन दोनों नेताजी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं बधाई देने वालों में प्रखंड उपाध्यक्ष आशीष कुमार, जटपुरा प्रखंड महिला कांग्रेस अध्यक्ष गायत्री देवी, मिथिलेश कुमार, विकास कुमार, जगदीश यादव, शंभू कुमार राय इत्यादि लोग शामिल है



**प्रखंड अध्यक्ष ने की पुतला दहन ; युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष भोजपुर**

**आज जगदीशपुर प्रखंड अध्यक्ष श्री राम सिंह के नेतृत्व में पुतला दहन का कार्य पुरा किया गया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आज मोदी सरकार अनैतिक कार्य करने मे व्यस्त है यह बहुत ही निंदनीय है पवन खेड़ा जी को गिरफ्तार कर इन्होंने हद पार कर दिया है मौक पर जितेंद्र कुमार, राहुल कुमार, रविरंजन कुमार, दिनेश कुमार, नितिर कुमार आदि युवा नेताओं की उपस्थिति रही**

# बिहार कांग्रेस में सबसे कम उम्र में दूसरी बार डेलिगेट बने अनम सुलतान खान



पटना।कांग्रेस दर्पण

वैशाली जिला के सहदेई प्रखंड की मुरौवतपुर पंचायत निवासी व बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व महासचिव अनम सुलतान खान

को बिहार कांग्रेस कमिटी का डेलीगेट मनोनीत होने पर कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं में खुशी व्याप्त है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण पद पर मनोनीत होने पर उन्होंने कांग्रेस पार्टी हाईकमान सहित राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह, बिहार प्रभारी भक्तचरण दास, और बिहार युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कुमार आशीष का आभार व्यक्त किया है।



**एटी फाइव महाधिवेशन कांग्रेश कांग्रेस सेवादल का छत्तीसगढ़ रायपुर के कार्यक्रम में एवं प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर हमारे बिहार के माननीय मोहम्मद शोएब सर बिहार मुख्य संगठन कांग्रेस सेवादल एवं हम सभी साथी गण**

# सीबीआई, ईडी और आईटी के सहारे विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है मोदी सरकार : डॉ. चंद्रिका प्रसाद यादव

पटना। कांग्रेस दर्पण

रायपुर में कांग्रेस के द्वारा आयोजित महाधिवेशन से ठीक पहले वहां ईडी की रेड पड़ना। अधिवेशन में दक्षिण भारत से रायपुर पहुंचने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ट्रेन को रोकने और उसे विलंब करने का प्रयास करना। एआईसीसी के मीडिया विभाग के चेयरमैन श्री पवन खेड़ा को रायपुर जाने के दौरान फ्लाइट से उतारकर दिल्ली में गिरफ्तार करना। ये सभी घटनायें केंद्र सरकार की कुत्सित मानसिकता का परिचायक है। उक्त बातें प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस के पॉलिटिकल अफेयर कमिटी के सदस्य डॉ चंद्रिका प्रसाद यादव ने कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की इन हरकतों से यह जाहिर होता है कि दिन प्रतिदिन कमजोर हो रही सरकार अपनी कमजोरी को छिपाने के लिए इस तरह का तानाशाही रवैया अख्तियार कर रही है।

उन्होंने कहा कि कभी कांग्रेस तो कभी लालू प्रसाद यादव तो कभी ममता बनर्जी तो कभी अखिलेश यादव या फिर कोई अन्य विरोधी पार्टी के नेताओं पर सीबीआई और ईडी लगाकर केंद्र की तानाशाही मोदी सरकार यह चाहती है कि उनकी आवाज को दबा दें या बंद कर दें। लेकिन यह उनका भ्रम है। वो विपक्ष की आवाज को जितना भी दबाने का प्रयास करेंगे, हम उतना ही मुखर होकर अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे और उनकी एक एक करतूतों को जनता के बीच ले जाने का प्रयास करते रहेंगे।

श्री यादव ने नारा देते हुए कहा कि

जुल्मी जबतक जुल्म करेगा सत्ता के हथियारों से।
चप्पा चप्पा गूंज उठेगा इंकलाब के नारों से।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत के गृह मंत्री श्री अमित शाह का बिहार दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जिस दिन महागठबंधन की भी पूर्णिया में रैली आयोजित है। ऐसे में उन्होंने आशंका व्यक्त की कि अमित शाह जी इस मौके पर जरूर ही कोई खेला करने आ रहे होंगे। लेकिन न तो कांग्रेस पार्टी उनके किसी खेला से डरने वाली है और न ही कोई अन्य विपक्षी दल। इनके किए जा रहे कृत्यों का जवाब जनता इन्हें 2024 में जवाब देगी। जब नरेंद्र मोदी की तानाशाही सरकार को केंद्र की सत्ता से उखाड़ फेंका जायेगा।



## 2024 में जनता देगी इसका मुंह तोड़ जवाब

**डॉक्टर चंद्रिका प्रसाद यादव**
प्रसिद्ध शिक्षाविद सह सदस्य
पॉलिटिकल अफेयर कमिटी
कांग्रेस पार्टी,बिहार प्रदेश।





राहुल जी ने भारत जोड़ो यात्रा से देश को जिस तरह जागृत किया है, वह मील का पत्थर साबित होगा।

झूठे सब्जबागों से सत्ता पाने का तरीका अब नहीं चलेगा। लोग समझ गए हैं कि देश को कांग्रेस ही चला सकती है।

..और इस महाधिवेशन का अच्छा परिणाम पार्टी व देश को मिलेगा।

**: Akhilesh Pratap Singh**

## महंगाई ने गरीब जनता की तोड़ी कमर -मो. दिलकश खान



बढ़ती हुई महंगाई भारत की एक बहुत ही गंभीर समस्या है. इखढ की तानाशाही सरकार महंगाई को कम करने की बात नहीं कर रही है वही दूसरी तरफ कोई ठोस कदम भी नहीं उठा रही है

आज देश में महंगाई मानो आसमान छू रही हो, आज सभी लोग महंगाई को कम करने की मांग कर रहें है परंतु महंगाई देश में हर दिन ऊपर चली जा रही है

यही इखढ सरकार की मंत्री 2014 से पहले जब गैस 10 रुपया भी महंगा होता तो सर पर रख कर घूमने लगती थी

जब गैस 1200 सौ रुपया है तो मंत्री जी पूरे तरह से मौन हो गई है

बीजेपी सरकार भारत को अंबानी अदानी के हाथों 2014 में बेच दिए है

**मो. दिलकश खान युवा कांग्रेस कार्यकर्ता सीतामढ़ी एवं समाजसेवी वार्ड नं 33 तलखापुर डुमरा**

# आल इंडिया पोलिंग बूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्तेखाब आलम का रायपुर स्टेशन पर जबरदस्त स्वागत हुआ

## छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार जनता की हितकारी-इन्तेखाब आलम

पटना। कांग्रेस दर्पण

ऑल इंडिया पोलिंग बूथ कांग्रेस के लोकप्रिय एवं ऊर्जावान कर्मठ नेतृत्व माननीय इन्तेखाब आलम राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा एआईसीसी मेंबर के रायपुर आगमन पर जमकर पोलिंग बूथ कांग्रेस के वीरांगनाएं महिला बहनों के द्वारा तथा कांग्रेस के जांबाज सिपाहियों के द्वारा जबरदस्त तरीके से स्वागत किया गया तथा और भी कई माननीय एआईसीसी मेंबर राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के साथ आए उनका भी स्वागत जबरदस्त तरीके से किया गया जिसमें बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पुर्व अध्यक्ष कोकब कादरी,शौकत अली,विजय शेखर चट्टान, प्रमोद दुबे थे।



छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला पोलिंग बूथ कांग्रेस की शोभा ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष फारूक अशरफी प्रदेश सचिव बेमेतरा पोलिंग बूथ कांग्रेस की रूबी सलूजा जिला अध्यक्ष तथा बेमेतरा जिले की पार्षद भी मौजूद रहे विनीता नीशामे यशोदा चौहान राजेश टांडी नवीन लाजरस, अनीता शर्मा पूनम चौहान डोमन चौहान मुकेश साहू विनोद साहू खेलन सिंह ठाकुर मनोज शर्मा मुकेश शर्मा भारती कश्यप नेतराम देवांगन कल्लू सागर रेखा सिंह तथा और भी भारी संख्या में पोलिंग बूथ कांग्रेस के जांबाज सिपाही तथा पोलिंग बूथ कांग्रेस के वीरांगना महिला बहने मौजूद रहे निर्मल पांडे प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश पोलिंग बूथ कांग्रेस रायपुर छत्तीसगढ़।

# जनता की आवाज उठाने, देश को नई राह दिखाने के लिए देशभर से हजारों कांग्रेसी जुटे रायपुर महाधिवेशन में




पटना। कांग्रेस दर्पण

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शुरू हो रहे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महाधिवेशन में देशभर से हजारों, हजार की संख्या में कांग्रेस पार्टी के नेता, कार्यकर्ता जनता की आवाज उठाने एवम् देश को नई राह दिखाने के उद्देश्य से शहीद वीर नारायण सिंह नगर, रायपुर में जुटे।

देशभर के सभी राज्यों एवम् केंद्रशासित प्रदेश के बने पंजीकरण सेंटरों पर ए आई सी सी डेलीगेट, पी सी सी डेलीगेट आज अपना, अपना रजिस्ट्रेशन करा कर अपना कार्ड लेने के बाद सैकड़ों एकड़ के मैदान में बने पंडाल, प्रदेशनी, सहित सभी जगहों पर घूम, घूम कर अपनी उपस्थिति दर्ज करने, एक दूसरे से मिलने, के बाद सभी लोगो उत्साह से लबरेज थे।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू ,पूर्व विधायक मो खान अली, चंद्रिका प्रसाद यादव, सुमंत कुमार, दामोदर गोस्वामी, डा गगन मिश्रा, रंजीत कुमार सिंह, अमित कुमार उर्फ रिंकू सिंह, शिव कुमार चौरसिया, मनमोहन शर्मा, राकेश नंदन, अमरजीत कुमार, राम प्रमोद सिंह, जगदीश प्रसाद यादव, गिरेंद्र कुमार, विपिन बिहारी सिन्हा, रामाश्रय सिंह, युगल किशोर सिंह, अमित कुमार

शंभू सिंह अधिवक्ता, मृगलनाल अनामाय,राजेश्वर पासवान, धर्मेंद्र कुमार निराला, आदि ने कहा की हम बिहार से ए आई सी सी डेलीगेट, पी सी सी डेलीगेट, लोकप्रिय, जनप्रिय बिहार कांग्रेस अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में रायपुर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महाधिवेशन में शामिल हुए है, महाधिवेशन में कांग्रेस पार्टी के सर्वमान्य नेता श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व में देश में हुए ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा से मिली ऊर्जा, उनके संदेश तथा मोदी सरकार के विफलताओं को उजागर करने हेतु संकल्प दोहराते हुए देशभर के जन, जन , घर घर में पहुंचना है।

नेताओ ने कहा की देश में बढ़ती हुई कमरतोड़ महंगाई, चरम सीमा पर पहुंची बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, नफरत, आदि के खिलाफ आवाज बुलंद करने का भी संकल्प लिया जाएगा।

नेताओ ने कहा की भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष श्री मल्लिका अर्जुन खड़गे जी की अध्यक्षता में स्टेयरिंग कमिटी की बैठक के साथ शुरू हुआ महाधिवेशन । महाधिवेशन में यू पी ए अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी, राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी सहित सभी वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

नेताओ ने कहा की महाधिवेशन की चर्चा, आपार सफल होने, तथा महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज की बातो से भयभीत केंद्र की मोदी सरकार छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेताओ के यहां बेवजह ईडी की छापेमारी, राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा जी की अकारण गिरफ्तारी, कई प्रदेशों से आ रहे कांग्रेस जानो के ट्रेन, बस, गाडियां को डिस्टर्ब करने आदि की घटनाएं जग जाहिर है।

नेताओ ने कहा की कल यानी 25 फरवरी को पूर्ण सत्र, 26 को दोपहर 02 बजे तक महाधिवेशन चलने के बाद 04 बजे आमसभा, रैली में देशभर के 15000 डेलीगेट्स सहित छत्तीसगढ़ के लाखो, लाख लोग शामिल होंगे।

## कांग्रेस के 85वें अधिवेशन का पहला दिन और जगह है- प्रकृति की भूमि 'रायपुर'

पटना। कांग्रेस दर्पण

24 फरवरी 2023

आज पहले दिन इतिहास को नए सिरे से लिखने की शुरूआत होगी। जहां लोकतंत्र को बचाने से लेकर देश की राजनीतिक दशा-दिशा बदलने के लिए तीन दिन तक मंथन चलेगा, जहां किसान और युवाओं के अधिकारों को बचाने को लेकर तीन दिन तक मंथन होगा, जहां महिला सुरक्षा, सामाजिक न्याय, खेती-किसानी, खेत-खलिहान बचाने को लेकर चर्चाएं होंगी। देश को यह याद रखना चाहिए कि जब-जब कांग्रेस के अधिवेशन हुए हैं, उस मंथन से एक ऐसा अमृत निकला है जिसने इस देश को पूर्ण स्वराज का सपना भी दिया है, इस देश को आज़ादी भी दिलाई, इस देश को कई योजनाएं भी दिलाई हैं और यही महाअधिवेशन इस देश को फिर तानाशाही से छुटकारा दिलाएगा।

कांग्रेस महाअधिवेशन के इन तीन दिनों के दौरानः

पहले दिन 10 बजे स्टीयरिंग कमेटी और शाम 4 बजे सब्जेक्ट कमेटी की बैठक होगी।

दूसरे दिन यानी 25 फरवरी को राजनीतिक-आर्थिक, अंतरराष्ट्रीय प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी और तीसरे दिन यानी 26 फरवरी को किसान, युवा, रोजगार, शिक्षा, सामाजिक न्याय पर चर्चा के बाद दोपहर 2 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष @kharge जी का भाषण और 4 बजे रैली होगी।

तो अगले तीन दिन जुड़े रहिए हमसे...धन्यवाद

जय हिन्द!









**बात चाहे लोगों के अधिकारों के लिए आवाज़ बुलंद करने की हो या देशहित में योगदान देने की, कांग्रेस ने हमेशा आगे होकर लड़ाई लड़ी है और आगे भी निरंतर यह लड़ाई जारी रहेगी।**

**कांग्रेस का यह महाधिवेशन भी इस बार यही संदेश लेकर आया है कि अब देश की दशा और दिशा दोनों परिवर्तन की ओर अग्रसर हैं।**




**25 फ़रवरी को पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में महागठबंधन द्वारा आयोजित महापरिवर्तन रैली में शामिल होकर अहंकारी सरकार के विरुद्ध एकजुट होकर महागठबंधन की एकता को मजबूत करें।**

# रायपुर में हो रहे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 85वां राष्ट्रीय अधिवेशन तय करेगा लोकतंत्र का भविष्य !

**इंजीनियर मोहिउद्दीन खान**
**(स्वतंत्रता सेनानी उतराधिकारी)**

24 फरवरी से रायपुर में शुरू कांग्रेस का 85वां राष्ट्रीय अधिवेशन कई मायनों में महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर लगातार हो रहे हमलों से यह खतरा पैदा हो गया है कि कहीं 1947 में मिली आजादी के समय देखे गए सपने बेमानी न साबित हो जाएं। रायपुर अधिवेशन इस भयावह खतरे से निबटने के लिए रास्ता तैयार कर सकता है।भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 85वां पूर्ण अधिवेशन ऐसे समय में हो रहा है जब संविधान पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। केंद्रीय सत्ता पर क़ाबिज़ भारतीय जनता पार्टी की सरकार के तौर-तरीक़ों ने यह चिंता बढ़ा दी है कि कहीं लोकतंत्र को वास्तविक अर्थों में संभव बनाने वाली तमाम संस्थाएं बेमानी तो नहीं हो जाएंगी। कार्यपालिका के बारे में तो कहना ही क्या, मीडिया की आज़ादी की हालत पर भी पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है। हद तो ये है कि अब न्यायपालिका भी निशाने पर है। केंद्रीय मंत्रियों की तरफ़ से आये दिन न्यायपालिका की ओर उछाली जा रही चुनौतियां एक भयावह ख़तरे की ओर इशारा कर रही हैं।भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अहिंसा और सत्याग्रह जैसे शस्त्रों के दम पर अंग्रेज़ी सत्ता को जिस तरह उखाड़ फेंका था, वह विश्व इतिहास में एक अनोखी घटना है। ऐसी कोई मिसाल नहीं कि किसी उपनिवेश ने अहिंसक आंदोलन के ज़रिये आज़ादी पाई हो और विभाजन तक जा पहुंचे उन्मादी धार्मिक अभियान के बावजूद धर्मनिरपेक्षता की राह चुनी हो। जहां ऐसी परिस्थितियों में अन्य देशों में तानाशाही निज़ाम स्थापित हुआ, वहीं भारत ने लोकतंत्र का झंडा बुलंद करके दुनिया को अचरज में डाल दिया था।

कांग्रेस का रायपुर अधिवेशन ऐसे वक़्त में हो रहा है जबकि सबसे बड़े 'धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र' के रूप में ही भारत की प्रतिष्ठा दांव पर नहीं है, इसकी आर्थिक तरक्की की कहानी भी संदिग्ध हो उठी है। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट ने सरकार और गौतम अडानी की जुगलबंदी के नीचे पल रहे याराना पूंजीवाद (क्रोनी कैपिटलिज़्म) के प्रेत को बेपर्दा कर दिया है। महज़ एक फ़ीसदी लोगों के पास देश की 40 फ़ीसदी सम्पत्ति पहुंच जाने की कहानी इसी जुगलबंदी का नतीजा है। 15 अगस्त 1947 को भारत सिर्फ़ ग़ुलामी से आज़ाद नहीं हुआ था बल्कि उस दिन पं.जवाहर लाल नेहरू, सरदार वल्लभ भाई पटेल और डॉ. भीमराव आंबेडकर जैसी विभूतियों के प्रयासों से एक 'नवीन भारत' का उदय भी हुआ था। इस नये भारत ने 'समता', 'समानता' और 'बंधुत्व' को अपना वैचारिक आधार घोषित किया था। एक ऐसा संविधान बना था जिसने हर नागरिक को बिना जाति, धर्म, लिंग, जाति, भाषा या क्षेत्र के भेद के 'वैधानिक रूप' से बराबर माना था। ऐसी कोई 'विधि संहिता' भारत के पांच हज़ार साल के इतिहास में पहले कभी नहीं लिखी गयी थी। दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों, किसानों, मज़दूरों सहित सभी वंचित-उत्पीड़ित समुदायों के लिए मुक्ति का नया आकाश खुला था जो इससे पहले एक असंभव कल्पना थी।



बहरहाल, आज इन तमाम उपलब्धियों पर संकट के बाद छाये हुए हैं।भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के विचारों में मिलती है। उन्होंने अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' के ज़रिए 'नफ़रत के बाज़ार में मुहब्बत की दुकान खोलने' का जो आह्वान किया, वह गांधी, नेहरू, सुभाषचंद्र बोस, सरदार पटेल, मौलाना आज़ाद और डॉ.आंबेडकर के विचारों का ही विस्तार है।

इस लिहाज़ से देखें तो 24-26 फ़रवरी के बीच हो रहे कांग्रेस के रायपुर अधिवेशन का महत्व 1929 के दिसंबर मे हुए कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन से कम नहीं है। इस अधिवेशन में पं.जवाहरलाल नेहरू अध्यक्ष चुने गये थे और 31 दिसंबर की मध्यरात्रि को रावी नदी के तट पर पहली बार 'पूर्ण स्वाधीनता' का नारा बुलंद हुआ हुआ था। इस अधिवेशन से पैदा हुई ऊर्जा ने ही 17 साल बाद आज़ादी का सूर्योदय संभव किया था। 'रायपुर अधिवेशन' के सामने उसी आज़ादी को बचाने और संवारने की चुनौती है।कांग्रेस इस समय जैसी वैचारिक स्पष्टता का निर्वाह कर रही है, उसे देखते हुए लगता है कि वह इस चुनौती का सामना कर सकती है। इस समय मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे अनुभवी नेता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं जो सीधे स्वतंत्रता आंदोलन से उपजी पीढ़ी के हाथों दीक्षित हुए हैं। वे उस सपने को पूरा करने के लिए कृतसंकल्प हैं जो हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों ने देखा था। यही नहीं, राहुल गांधी जैसे करोड़ों दिलों में आशा जगाने वाले संवेदनशील और प्रखर जननेता भी पार्टी के पास हैं जिन्होंने भारतीय राजनीति के आकाश में पैदा हुए एक विराट नैतिक शून्य को अपनी सत्यनिष्ठा से भरा है। रायपुर अधिवेशन के सामने देश को आश्वस्त करने की बड़ी ज़िम्मेदारी है कि आज़ादी को बचाने के लिए वैसी ही लड़ाई लड़ी जाएगी जैसे कि आज़ादी को पाने के लिए लड़ी गयी थी। आज़ादी और संविधान बचाने के लिए अब कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा।,

